दैनिक जागरण 18/02/2023

# शिक्षा से समाज में सहजता से परिवर्तन संभव



जीएमएन कालेज में संगोष्ठी में उपस्थित लोगों को संबोधित करते वक्ता। ● विज्ञप्ति

अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी में राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन की शुरुआत प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने की। उन्होंने प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत शोध पत्रों की सराहना की। प्रोफेसरं शेषगिरी भाषा संपादक नैक राजकीय फर्स्ट ग्रेड कालेज बंगलुरु ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 वर्तमान समय में पूर्णतः अनुकूल है। शिक्षा एक ऐसा सार्थक साधन है, जिसके माध्यम से समाज में सहजता से परिवर्तन स्थापित किया जा सकता है। चौथे तकनीकी सत्र के मुख्य वक्ता प्रोफेसर मनजीत सिंह पूर्व कुलसचिव पंजाब तकनीकी विवि पटियाला ने कहा कि इस नवीन शिक्षा नीति में जो प्रतिमान निर्धारित किए हैं, वह युवाओं में एक विशेष दक्षता को स्थापित करेगी। इस दौरान डा. रवनीत कौर, डा. कुलदीप यादव, डा.अमिता, डा. राकेश कुमार, डा. ज्योति, डा. तृप्ति शर्मा, डा. मनजीत मौजूद रहे।